पेज थ्री देहरादून

पदमश्री डॉ. बी.के.एस. संजय को सम्मानित करते सीएम।

देहरादून, मंगलवार 4 जनवरी 2022

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम धामी ने पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय को सम्मानित किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉ. बी.के.एस. संजय प्रसिद्ध आर्थोपैडिक सर्जन हैं। वे काफी समय से जन सरोकारों से जुड़े हैं। इस मौके पर डा. गौरव संजय भी उपस्थित थे।

### स्पीकर अग्रवाल ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**संवाददाता** ऋषिकेश। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा कोयल घाटी से पुरानी चुंगी तक जगह–जगह पर नाले के निर्माण के लिए की गई खुदाई से राहगीरों को होने वाली असुविधा को देखते हुए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने पुरानी चुंगी पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने एनएच के अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर वार्ता कर नाले का निर्माण करने एवं खोदे गए गड्ढों को दुरस्त करने की बात कही।

### विधानसभा चुनाव वाटर लू साबित होंगे भाजपा के लिए: धीरेंद्र प्रताप

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप और महासचिव नवीन जोशी ने उत्तरकाशी के पूर्व विधायक मालचंद और जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजलवान के कांग्रेस में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया है। कांग्रेस के दोनों नेता जो आज पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय 24 अकबर रोड नई दिल्ली पर मौजूद थे ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की लहर चल रही है।

### 17 सांस्कृतिक दलों के ऑडिशन संपन्न

**संवाददाता** देहरादून। कुमाऊँ मण्डल के सांस्कृतिक दलों के ऑडिशन देहरादून में प्रारम्भ हो गये हैं। आज 03 जनवरी को जनपद ऊधमसिंह नगर के 17 दलों के ऑडिशन संपन्न किये गये। 04 जनवरी को जनपद पिथौरागढ़ एवं जनपद चम्पावत, 05 जनवरी को जनपद बागेश्वर, 06 जनवरी को जनपद अल्मोड़ा, एवं 7 जनवरी को जनपद नैनीताल के कलाकारों के ऑडिशन लिये जायेंगे।

### आईसीआईसीआई प्रू आइप्रोटेक्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया टर्म इंश्योरेंस उत्पाद –आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम लॉन्च किया है। यह ग्राहक–केंद्रित प्रस्ताव जो जीवन–अवस्था आधारित कवर की पेशकश करता है जिसमें जीवन बीमा की मात्रा ग्राहक के जीवन चरणों के आधार पर स्वचालित रूप से समायोजित हो जाती है।

# पूर्व सैनिकों को सरकारी नौकरी में मिलेगा आरक्षण

**एलान**

■ शहीदों के परिजनों को आप की सरकार देगी एक करोड़ की सहायता राशिः केजरीवाल



**संवाददाता**

देहरादून। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज अपने छठवें उत्तराखंड दौरे पर देहरादून पहुंचे जहां जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने पर आप सीएम प्रत्याशी कर्नल कोठियाल ,आप प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया समेत पार्टी पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां से वो सीधे बीजापुर गेस्ट हाउस पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की और वहां से लगभग 3 बजे वो परेड ग्राउंड स्थित नवपरिवर्तन सभा रैली स्थल पर पहुंचे जहां हजारों आप कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उनका बेसब्री से इंतजार करते नजर आए। इस रैली में कई भूतपूर्व सैनिक समेत,महिलाएं और युवा भी उनकी रैली में मौजूद रहे। बेसब्री से अपने नेता का इंतजार कर रही जनता ने अरविंद केजरीवाल के मंच पर पहुंचते ही,हाथ उठा कर और केजरीवाल के नारे लगा कर उनका अभिवादन किया।

मंच पर पहुंचते ही अरविंद केजरीवाल जी का आप कैंपेन कमेटी अध्यक्ष दीपक बाली,उपाध्यक्ष शिशुपाल रावत, ने स्वागत किया तो कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम सिंह ने आप प्रभारी का स्वागत किया। इस बीच शिशुपाल रावत जी ने कर्नल कोठियाल का स्वागत किया। इसके बाद हवलदार दीन दयाल सिंह, हवलदार बीर सिंह,कैन्टेन पान सिंह,हॉनेरी कैप्टेन चतर सिंह,हॉनेरी कैप्टेन जगमोहन सिंह को अरविंद केजरीवाल जी द्वारा उनके शौर्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा संबोधन से पहले महिला पदाधिकारियों द्वारा अरविंद जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इसके बाद त्रिलोक सिंह की पार्टी, पहाडी पार्टी का आप पार्टी में अरविंद के नेतृत्व में विलय हुआ, जिसका सभी ने स्वागत किया। आप की नीतियों को देखते हुए पहाड़ी पार्टी के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह ने अपनी पार्टी का विलय आप पार्टी में किया।

इस दौरान कर्नल कोठियाल ने मंच पर पहुंचकर, जनता को संबोधित किया और कहा कि जब जब अरविंद जी उत्तराखंड आते हैं, तो यहां की जनता को एक उम्मीद दिखती है। उन्होंने कहा कि जब मैं अबकी बार लोगों के बीच गया ,तो उन्होंने कहा कि अरविंद जी को हमारी तरफ से शुभकामनाएं देना और आज उसी जनता की ओर से मैं अरविंद जी का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि, अरविंद जी द्वारा जो गांरटी आजतक दी गई हैं, उन सभी गारंटी से प्रदेश की जनता बहुत खुश है और पहाडों में लोग इससे बहुत खुश हैं और आप पार्टी की नीतियों को लोगों ने समझना शुरु कर दिया है।उन्होंने कहा कि अरविंद जी उत्तराखंड के लिए एक उम्मीद हैं ,और इसके बाद उन्होंने अरविंद जी को संबोधन के लिए आमंत्रित किया।

अरविंद ने भारत माता ,इंकलाब जिंदाबाद, और वंदे मातरम के जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरु किया। उन्होंने इस रैली में पहुंचने पर सभी का धन्यवाद अदा करते हुए कहा, देवभूमि देशभक्तों की भूमि है यहां कण कण में देवताओं का वास है। उन्होंने कहा कि ये हर्ष का विषय है कि, भारतीय सेना मे अधिकाशं युवा उत्तराखंड से जाते हैं ,जो गर्व का विषय है और यहां के कई लाल देश पर शहीद हो गए जिससे सभी को गर्व महसूस होता है। उन्होंने आगे कहा कि जब हम एनजीओ चलाते थे और ऐसे शहीदों के बारे में सुनते थे ,तो बहुत बुरा लगता था क्योंकि उन शहीदों के परिजनों की सुनने वाला कोई नहीं होता।

### शहीदों के परिजनों को सम्मान राशि 1 करोड़ देंगे

केजरीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार पुलिस कर्मियों की शहादत पर ,सेना का जवान अगर कोई शहीद होता है तो उसके परिवार को सम्मान पूर्वक एक करोड़ की राशि देती है। दिल्ली की तर्ज पर यहां भी सरकार बनने पर हम शहीदों के परिजनों को सम्मान राशि 1 करोड़ देंगे।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जन–जन तक पहुंचे

**बैठक**

■ 7 जनवरी को आयोजित होगा कार्यक्रम

**संवाददाता**

ऋषिकेश। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से 7 जनवरी को सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।



बैराज स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के संग 7 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत यह कार्यक्रम देहरादून रोड स्थित पुरानी चुंगी के पास आशीर्वाद वाटिका में बृहद रूप से आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल जुड़कर संबोधित करेंगे जिसके सजीव प्रसारण की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की जाएगी। सरकारी स्तर पर आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों की समिति भी बनाई गई है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान किसी योजना का लोकार्पण अथवा शिलान्यास होना है तो उसे भी इस कार्यक्रम में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की संपूर्ण जानकारी जनता को मिल सके यही कार्यक्रम का उद्देश्य होगाद्य कार्यक्रम के दौरान विकास से जुड़े विभागों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी । उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में बुजुर्गों को सम्मानित करने के साथ ही सभी वर्गों का जुड़ाव दिखाई दे, इसके प्रयास किए जाएंगे।

### सीएम ने नागरिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागरिक चिकित्सालय खटीमा का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती मरीजों तथा उनके तीमारदारों से भी बात की। मुख्यमंत्री ने मरीजों व तीमारदारों से चिकित्सालय में उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। तीमारदारों द्वारा चिकित्सालय में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं का संतोष व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बोइंग संस्थान द्वारा एयर इंडिया के माध्यम से नागरिक चिकित्सालय खटीमा को उपलब्ध कराई गई सीटी स्कैन मशीन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा शीघ्रता से मुहैया कराने हेतु तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आँखों के स्वास्थ्य परीक्षण से संबंधित उपकरण शीघ्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।